भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5057

उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2019 (बुधवार)

2 श्रावण, 1941 (शक)

प्रश्न

एनईएसआरआई□ी □रियोजना

5057. श्री अब्दुल खालेक:

क्या उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बरपेटा कलिताकुची सड़क (58.5 किमी) का कार्य पूर्वोत्तर राज्य सड़क निवेश कार्यक्रम परियोजना के तहत जारी है;

(ख) यदि हां, तो उक्त कार्य की क्या प्रगति है;

(ग) कार्य के कब तक पूर्ण हो जाने की संभावना है; और

(घ) क्या यह तय समय-सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) जी, हां । एडीबी से सहायता प्राप्त पूर्वोत्तर राज्य सड़क निवेश कार्यक्रम परियोजना के अंतर्गत असम राज्य में "बरपेटा से कलिताकुची" (58.5 किमी) सड़क का कार्य जारी है ।

(ख) दिनांक 31 मई, 2019 तक उक्त कार्य की भौतिक प्रगति 90.73% है ।

(ग) कार्य के दिसंबर, 2019 तक पूर्ण होने की संभावना है ।

(घ) कार्य के निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण होने की संभावना है ।

*****